तापमान
अधिकतम 26 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 24 दिसंबर 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

13 किसान ही सहकारिता की असली ताकत है



14 विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में 465 खिलाड़ियों ने ...



## खबर संक्षेप

### कांकेर घटना के विरोध में आज नगर बंद

**धमतरी।** कांकेर आमाबेड़ा घटना के विरोध में सर्व समाज द्वारा आज 24 दिसंबर को नगर बंद का आह्वान किया गया है। जिला कार्यवाह ने स्वयंसेवकों से मकई गार्डन चौक में सुबह 10 बजे उपस्थित होने की अपील की है।

### डाभा में कबीर सत्संग आज से

**मगरलोड।** ग्राम डाभा में सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 24 और 25 जनवरी को कबीर सत्संग का आयोजन किया गया है। निष्ठा साहेब विशाल देव आश्रम बाराबंकी उत्तप्रदेश अपनी संत मंडली सहित पधारेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से 1.30 बजे तक और 3 बजे से 5.30 बजे तक चलेगा। तैयारी में गुरुप्रसाद, भगवानी, संतोष, शारदाचरण, जीवन लाल, शिवनारायण साहू सहित समिति के सदस्य जुटे हुए है।

### खिसोरा में श्री रामकथा 26 से 28 दिसंबर तक



**मगरलोड।** ग्राम खिसोरा में मानस वक्ता देवनाथ पटेल एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व मानस वक्ता माधवराव पटेल की स्मृति में 26 से 28 दिसंबर तक श्रीराम कथा आयोजित की जा रही है। कथावाचक धर्म प्रचारक व श्रीराम कथावाचक डॉ अशोक हरिवंश तेंदुवाधाम शिवरीनारायण होंगे। कथा दोपहर 1बजे से शाम 6 बजे तक होगी। तैयारी में बिसाहिन पटेल, गैंदलाल, सुमति पटेल, राजेश्वरी पटेल सहित चंदन परिवार जुटा है।

### सरगी में आज से भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम सरगी में रामकृष्ण गोस्वामी की स्मृति में गोस्वामी परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 24 दिसंबर से 1 जनवरी तक किया गया है आयोजनकर्ता श्रीमती रामबाई गोस्वामी, श्रीमती संस्कृति गोस्वामी एवं संयम गोस्वामी ने बताया कि कथावाचक पंडित भगत गिरि महाराज खम्हारीपारा बिंद्रा नवागढ़ जिला गरियाबंद तथा परायणकर्ता राजू शर्मा धमतरी तथा माताजी बाल आश्रम बोईरगांव जिला गरियाबंद होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में श्रीमती केशर गोस्वामी, बालमुकुंद, सुमित्रा, फनीन्द्र, भारती गोस्वामी, कलिन्द्री गोस्वामी, दानेश्वर, भारती गोस्वामी, रश्मि गोस्वामी जुटे हैं । कथा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।

### मगरलोड में शिव महापुराण आज से

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड में श्री मंडलेश्वर महादेव सेवा समिति एवं नगरवासियों के सहयोग से श्री शिव महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन 24 से 30 दिसंबर तक किया जा रहा है। कथावाचक पंडित रविप्रसाद दुबे मगरलोड वाले होंगे। 24 दिसंबर को कलश यात्रा, देव आह्वान, 25 दिसंबर को कथा प्रारंभ शिव उत्पत्ति, नारद मोह, कुबेर चरित्र, 26 को सती चरित्र, पार्वती जन्म, शिव पार्वती विवाह, 27 को गणेश कार्तिकेय जन्म, विवाह कथा, अशोक सुंदरी चरित्र, 28 को अंधकासुर और परशुराम, रावण, जालंधर कथा, 29 को गजसुर भस्मासुर , बाणासुर कथा, 30 को नदी अवतार, हनुमान जन्म, द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा होगी। कथा दोपहर 1 बजे से शाम 5 तक बजे तक होगा। सुबह 8 से 10 बजे शिव पूजा एवं रुद्राभिषेक पूजन होगा। कार्यक्रम की तैयारी में आयोजक समिति एवं नगरवासी जुटे हुए हैं।

## कैट और चेम्बर ऑफ कामर्स ने दिया खुलकर समर्थन

# संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए आज धमतरी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कांकेर जिले में घटित घटना के विरोध में सर्व समाज ने बुधवार 24 दिसंबर को धमतरी बंद का ऐलान किया है। कैट और चेम्बर ऑफ कामर्स ने इस बंद को खुलकर समर्थन दिया है। सर्व समाज ने बैठक के बाद बंद की सूचना जिला प्रशासन को दे दी है। उधर बंद को व्यापक को समर्थन रहा है।

कांकेर के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बड़े तेवड़ा में धर्म परिवर्तित आदिवासी और आदिवासी समाज के बीच एक व्यक्ति की दफन प्रक्रिया को लेकर जमकर विवाद हुआ। विवाद में कुछ बाहरी लोग भी पहुंच गए, जिसके बाद विवाद ने उग्र रूप ले लिया। जमकर मारपीट, पत्थरबाजी हुई। सार्वजनिक सम्पत्ति को भी नुकसान पहुंचा है। माहौल को शांत करते वक्त कई पुलिस जवान और पुलिस के आला अधिकारी भी घायल हो गए। आदिवासियों के मौलिक अधिकारों के हनन का विरोध करते हुए सर्व समाज ने बुधवार को धमतरी बंद का आह्वान किया है। इस बंद को कैट और चेम्बर ऑफ कामर्स ने समर्थन देते हुए दुकान सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि बंद का ऐलान करने से पहले सर्व समाज की एक बैठक हुई। सर्व समाज के प्रमुखों ने बताया कि इससे पहले भी इस प्रकार की घटनाओं की सूचना जनजातीय और ग्रामीण अंचल से आती रही है। धर्म परिवर्तन के कुचक्र को लेकर मैदानी क्षेत्रों में विवाद की स्थिति बनी रहती है। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए सर्व समाज को बंद का आह्वान करना पड़ रहा है। यह विरोध किसी धर्म, समुदाय के विरूद्ध नहीं है, बल्कि संवैधानिक अधिकारों की रक्षा, जनजातीय आस्था और प्रदेश में कानून की रक्षा के लिए है। उन्होंने कहा कि यह बंद शांतिपूर्वक रहेगा। बंद की अवधि 24 दिसंबर को शाम 5 बजे तक तय की गई है।

बैठक में सर्व हिन्दू समाज के अध्यक्ष महेश रोहरा, महासचिव अशोक पवार, श्याम अग्रवाल, बिशेसर पटेल, रामलखन गजेंद्र, घनश्याम साहू, मोहन साहू, विजय गोलछा, महेंद्र पंडित, सुबोध राठी, हेमराज सोनी, श्री मगर, अजय जैन, गौरव मगर, प्रतीक सोनी, वरूण राव, पुरूषोत्तम निषाद, मोहित साहू उपस्थित थे।



### श्यामतराई चौक गुरू घासीदास के नाम पर रखने की मांग

सर्व हिन्दू समाज ने एक अन्य ज्ञापन में कलेक्टर को कहा है कि सतनामी समाज जिला धमतरी द्वारा समय-समय पर नेशनल हाइवे श्यामतराई चौक का नाम संत शिरोमणि बाबा गुरू घासीदास के नाम रखने प्रशासनिक स्तर पर प्रयास किया जाता रहा है। सतनामी समाज जिले में बहुसंख्यक समाज के रूप में निवासरत हैं। समाज की जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए अविलंब उचित कार्रवाई की मांग की है।

## बोरई में 563 कट्टा अवैध धान जब्त



■ राज्यस्तरीय उड़नदस्ता दल ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नगरी, खाद्य निरीक्षक एवं मंडी अधिकारी-कर्मचारियों के संयुक्त दल के साथ नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम बोरई में औ च क निरीक्षण किया गया। रितेश कुमार अग्रवाल कार्मिक प्रबंधक राज्य वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, गिरीश शर्मा उप महाप्रबंधक आपूर्ति निगम, परमेश्वर यादव सहायक प्रबंधक मार्कफेड तथा प्रशासनिक स्तर पर कार्रवाई का नेतृत्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नगरी श्रीमती प्रीति दुर्गम द्वारा किया गया। उनके साथ खाद्य निरीक्षक नगरी विश्व प्रताप चंदेल एवं मंडी सचिव नगरी बीआर मंडई भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान फर्म बाबूलाल चम्पालाल जैन बोरई के गोदाम परिसर में 563 कट्टा (225.20 क्विंटल) धान अवैध रूप से खरीदी करते पाया गया। उक्त धान को छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के प्रावधानों के तहत जप्त कर लिया गया तथा जप्त धान को फर्म के संचालक भीमराज जैन बोरई की सुपुर्दगी में रखा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समर्थन मूल्य व्यवस्था एवं मंडी अधिनियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## सीसी रोड की पुनः स्वीकृति की मांग



**धमतरी।** जनपद कुरूद के ग्राम पंचायत भैंसबोड़ सरपंच सहित ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि भैंसबोड़ में भीमसन चौक से जुगल साहू के घर तक दो लाख की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति तथा जयंत घर से भीमसन तक चार लाख रूपए की स्वीकृति जनपद विकास निधि तथा जिला पंचायत विकास निधि से हुई थी। स्वीकृत सड़क गांव की जनता की जीवनरेखा है। इसी रास्ते से ग्रामीणों का आवागमन होता है। कृषि कार्य, शिक्षा तथा आपातकालीन सुविधा में बड़ी सहूलियत मिलती है। लेकिन उक्त स्वीकृत सीसी रोड का किसी कारणवश निरस्त कर दिया गया है जो ग्रामीण जनता के साथ अन्याय है। सरपंच सहित ग्रामीणों ने सीसी रोड की पुनः बहाली कर शीघ्र सड़क का निर्माण तथा जिम्मेदार अधिकारी एवं व्यक्तियों पर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## तेंदुआ का शिकार या कुएं में डूबने से मौत?

■ पंजा और नाखून काटने वाले हथियार के साथ एक आरोपी तथा तीन संदिग्ध को वन विभाग ने पकड़ा


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उत्तर सिंगपुर के जंगल में तेंदुआ का शिकार हुआ है कि कुएं में डूबने से मौत, इसकी पुष्टि में वन विभाग जुटा है लेकिन तेंदुआ का पंजा, नाखून काटने वाले एक व्यक्ति सहित 4 लोगों को वन विभाग ने पकड़ा है। आरोपी के विरूद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

वन विभाग धमतरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार धमतरी वन मंडल के उत्तर सिंगपुर परिक्षेत्र में सोमवार को वन गश्त के दौरान एक स्थानीय चरवाहे ने ग्राम कोरगांव के एक कुएं में तेंदुआ गिरने की सूचना वन अमले को दी। सूचना के आधार पर जब वन अमला उक्त कुएं के पास पहुंचा तो कुएं से तेंदुआ गायब था। वन अमले ने तत्काल आसपास के वन क्षेत्र में सघन निरीक्षण एवं पतासाजी की तो उक्त तेंदुआ का शव आरक्षित वन कक्ष क्रमांक 23 ग्राम कोरगांव (कनडबरा) में पाया गया। निरीक्षण के दौरान मृत तेंदुए के चारों पैर के पंजे कटे हुए थे और पंजा गायब था जिससे अवैध शिकार की आशंका हुई। शिकार की गंभीर प्रकरण को देखते हुए अज्ञात आरोपियों पर वन अपराध प्रकरण दर्ज कर तत्काल रात्रिकालीन गहन जांच शुरू की गई है। जांच के लिए उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से डॉग स्क्वायड की सहायता ली गई। जांच में कोरगांव निवासी गोवर्धन पटेल पिता आत्माराम पटेल 35 वर्ष के कब्जे से पैरा में छिपाकर रखे गए तेंदुए के नाखून, पंजे तथा पंजे काटने का हथियार बरामद किया गया। आरोपी ने नाखून, पंजा काटने का अपराध स्वीकार किया। आरोपी के विरूद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अपराध क्रमांक 14907/02 दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। 3 अन्य व्यक्तियों को पकड़कर पूछताछ की जा रही है।







### फोरेंसिक जांच से मृत्यु की वास्तविक पुष्टि

एसडीओ मनोज विश्वकर्मा ने बताया कि प्रथम दृष्टया तेंदुए की मृत्यु कुएं के पानी में डूबने से प्रतीत हो रही है। तेंदुआ अनुसूचित I के अंतर्गत संरक्षित वन्य प्राणी है। नियमानुसार 3 सदस्यीय पशु चिकित्सकों दल द्वारा शव परीक्षण कराया गया है। पोस्टमार्टम के बाद मृत तेंदुए के अवयव को फोरेंसिक जांच के लिए जबलपुर प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। फोरेंसिक रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात तेंदुए की मौत की वास्तविक पुष्टि होगी।

## साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने बैंकिंग सिस्टम को किया अलर्ट

■ पुलिस अधिकारियों ने ली राष्ट्रीयकृत, निजी बैंक के प्रबंधकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में तेजी से बढ़ रहे साइबर फ्राड एवं आनलाइन वित्तीय अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस ने सशक्त पहल करते हुए सभी बैंकों के साथ समन्वय बैठक कर बैंकिंग सिस्टम को अलर्ट किया है।

साइबर अपराधों के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के निर्देश पर पुलिस द्वारा महत्वपूर्ण, सुनियोजित दूरगामी पहल की गई है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा एवं सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी के नेतृत्व में जिले के सभी राष्ट्रीयकृत, निजी बैंक के प्रबंधकों की विशेष जागरूकता बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों को वर्तमान में प्रचलित साइबर अपराधों के नवीनतम एवं उभरते तरीकों की जानकारी दी। विशेष रूप से फर्जी, डिजिटल अरेस्ट, केवाईसी, अपडेट के नाम पर ठगी, फिशिंग लिंक, फर्जी मोबाइल एप्लीकेशन, सोशल मीडिया के माध्यम से धोखाधड़ी, ओटीपी एवं बैंक विवरण साझा कराने जैसी घटनाओं पर गहन चर्चा की गई।

इस दौरान एएसपी एवं सीएसपी ने बैंक अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध लेन-देन, फर्जी खातों एवं असामान्य गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को उपलब्ध कराएं, जिससे साइबर अपराधों के खिलाफ त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। पुलिस द्वारा यह भी रेखांकित किया गया कि पुलिस, बैंक एवं आम नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय, सतत संवाद एवं साझा जिम्मेदारी के माध्यम से ही साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। जागरुकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में वित्तीय सुरक्षा को सुदृढ़ करना, साइबर अपराधों पर समय रहते अंकुश लगाना तथा आम नागरिको में सुरक्षा एवं विश्वास की भावना को मजबूत करना है।

पुलिस अधिकारियों ने बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि बैंक में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पहचान एवं उद्देश्य सहित रजिस्टर में अनिवार्य प्रविष्टि की जाए, बैंक में संदिग्ध ट्रांजेक्शन पाये जाने पर बिना विलंब इसकी सूचना पुलिस व साइबर सेल को दी जाए। इसी तरह म्यूल एकाउंटस पर निगरानी, जनधन खातों के दुरूपयोग पर विशेष ध्यान रखते हुए ऐसे खातों की नियमित समीक्षा करने एवं ग्राहकों के निजी डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



## टायर फटने से बोलेरो डिवाइडर पर चढ़ी



■ घड़ी चौक में फिर हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अचानक टायर फट जाने से बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़कर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में लोग बाल-बाल बच गए। कुछ दिनों के भीतर घड़ी चौक में यह दूसरा सड़क हादसा है।

शहर के ह्दय स्थल घड़ी चौक से होकर नेशनल हाईवे गुजरा है। मुख्य चौक होने के कारण यहां हमेशा ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। देर रात तक चारपहिया से लेकर दोपहिया वाहनों से लोग आना-जाना करते हैं। ऐसे में घड़ी चौक में हुई स्पीड व अनियंत्रित चारपहिया वाहनों से लगातार दुर्घटना होना बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण देता है। बीते 16 दिसंबर की रात्रि भी एक तेज रफ्तार कार सिहावा चौक से रत्नाबांधा चौक की तरफ जाते समय घड़ी चौक के पास कपड़ा दुकान के पास स्थित विद्युत पोल से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। इस घटना में कार में सवार दो युवकों को मामूली चोट आई थी। इस घटना के लगभग सप्ताह भर बाद सोमवार की शाम घड़ी चौक में फिर एक सड़क हादसा हो गया। सिहावा चौक से घड़ी चौक की तरफ बोलेरो आ रही थी। चौक के पास चलती बोलेरो का अचानक टायर फट गया। टायर के फट जाने से बोलेरो अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हाईवे में वाहनों की भीड़ लग गई। यातायात पुलिस व्यवस्था बनाने में जुटी रही। घटना में बोलेरो सवार किसी को चोट नहीं आई है। वहीं वाहन की चपेट में आने से कोई राहगीर घायल नहीं हुआ है।

## हर ग्राम पंचायत में विवाह का रजिस्टर रखने के निर्देश

# आसान नहीं है धमतरी को बाल विवाह मुक्त बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए काफी बारीकी से मॉनिटरिंग की जा रही है। पंचायतों में पिछले दो साल में हुई शादी का रिकार्ड खंगाला जा रहा है। दो साल के भीतर कोई बाल विवाह हुआ होगा तो उस गांव को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित नहीं किया जाएगा। धमतरी सहित पूरे प्रदेश को बाल विवाह मुक्त करने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चल रहा है।

जानकारी के अनुसार जिले में कुल 370 ग्राम पंचायत हैं, जिसमें से 370 ग्राम पंचायतों ने बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए प्रस्ताव भेजा है। अब इन ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने से पहले छानबीन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इन पंचायतों से उनके क्षेत्र में हुए दो साल के विवाह का रिकार्ड मंगाया जा रहा है। अधिकारी इस बात की पुष्टि भी करेंगे कि इस लिस्ट में कोई बाल विवाह का मामला तो नहीं है। इसके बाद ही कलेक्टर उस ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त करने अवार्ड पारित करेंगे।



### दो साल के भीतर हुई शादियों की होगी छानबीन

### कठिन है राह

लंबे समय से बाल विवाह को रोकने के लिए अधिकारी प्रयास कर रहे हैं। महिला बाल विकास विभाग, चाइल्ड लाइन, बाल संरक्षण इकाई ने पूरे जिले में सूचना तंत्र फैला रखा है। गांव- गांव में बाल संरक्षण इकाई की टीम गठित की जा चुकी है। सरपंच, सचिव, आंबा कार्यकर्ता, सहायिका, शिक्षक सहित गांव के लोगों को इस टीम में रखा गया है। यही कारण है कि बाल विवाह होने से पहले अधिकारियों तक सूचना पहुंच जाती है। इसके बाद भी पूरे जिले को बाल विवाह मुक्त घोषित करवाना आसान नहीं है। इसी कारण अधिकारी फूंक -फूंक कर कदम रख रहे हैं।

### चल रहा अभियान

जिले को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए 100 दिवसीय अभियान चल रहा है। इस अभियान का 24 दिन पूरा हो चुका है। इस 24 दिनों में 583 स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम किया जा चुका है। 152 संस्थाओं में जागरूकता कार्यक्रम के साथ बाल विवाहमुक्त जिला बनाने के शपथ ग्रहण भी कराया गया है, जिसमें तीन कॉलेज व कई प्रशिक्षण केंद्र भी शामिल हैं। इस अभियान का 76 दिन और बाकी है। इसमें विभिन्न धार्मिक संस्था, समुदाय, ग्राम पंचायत सहित अन्य स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### गंभीर चोट आने से युवक की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत धनतुलसी निवासी 15 वर्षीय दिपेश कुमार का इलाज के दौरान 22 अक्टूबर को इलाज के दौरान रायपुर के अस्पताल में मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। इलाज के लिए रायपुर के डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती किया गया था। चोट गंभीर होने के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बुजुर्ग ने अस्पताल में तोड़ा दम, मर्ग कायम

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कोरर निवासी 62 वर्षीय रामसिंग कोमरा का इलाज के दौरान 20 अक्टूबर को मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती किया गया था।

## निधन

### संगीता साहू



**सिर्री।** ग्राम नवागांव (थूहा) निवासी संगीता साहू 43 वर्ष का आकस्मिक निधन 21 दिसंबर रविवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे विरेंद्र कुमार साहू सचिव साहू समाज बगौद परिक्षेत्र, महेंद्र साहू, नरेंद्र साहू की बहन थीं। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन, ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### डिकेश निर्मलकर



**नगरी।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 बूढ़ाराव पारा निवासी डिकेश कुमार निर्मलकर पिता स्व. तुकाराम निर्मलकर का मंगलवार की शाम आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ वर्षों से जनपद पंचायत में ऑपरेटर के पद पर सेवाएं दे रहे थे। उनके असामयिक निधन से नगर एवं जनपद क्षेत्र में शोक की लहर है। अंतिम संस्कार आज सुबह 10 बजे होगा।

### श्रीमती लैनीबाई हल्बा

**मगरलोड।** ग्राम अरौद निवासी श्रीमती लैनी बाई हल्बा का निधन 21 दिसम्बर रविवार को हो गया। वे रोशन हल्बा, अशोक हल्बा, दूजराम हल्बा की मां थीं। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामवासी शामिल हुए।

विस स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का विधायक ने किया शुभारंभ

# ग्रामीण प्रतिभाओं को तराशने का काम कर रही सरकार : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



युवाओं एवं विद्यालयीन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं जिले में खेल को बढ़ावा देने के लिए सांसद खेल महोत्सव विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता का अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम कुरूद में विधायक अजय चंद्राकर ने बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ किया जिसमें विधानसभा कुरूद में कुल 6 क्लस्टर संकुल पचपेड़ी, बगौद, चर्रा, कठौली, नगर पालिका कुरूद एवं भेंडरी के कुल 700 खिलाड़ियों ने भाग लिया एवं अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में कबड्डी, खो खो, वॉलीबॉल एवं एकल खेल में 100 मी. एवं 400 मी. दौड़, ऊंची कूद, लम्बी कूद, भाला फेंक, गेड़ी दौड़, बैडमिंटन में चयनित खिलाड़ियों ने खेल का प्रदर्शन किया। उत्साह से भरे प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए विधायक अजय चन्द्राकर ने वर्ल्ड कप विजेता भारत की महिला क्रिकेट टीम, कबड्डी टीम एवं पिछले दिनों साउथअफ्रीका के साथ हुई वनडे एवं टी-ट्वेंटी सीरिज में इंडिया की जीत का उदाहरण देते हुए कहा कि अब देश बदल रहा है। कॉमनवेल्थ गेम्स, 2036 में होने वाले ओलम्पिक खेलों के लिए मोदी सरकार अभी से तैयारी कर रही है। सांसद खेल प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण प्रतिभाओं को तराशने का काम किया जा रहा है। अब क्रिकेट के अलावा बालीबाल, बैडमिंटन, खोखो, कबड्डी आदि खेलों के लीग मैच होने लगे हैं। उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के साथ आम शहरी से भी योग, व्यायम, कसरत और जागिंग के सहारे अपने शरीर को फिट रखने का आह्वान किया। नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने भी खेल क्षेत्र से जुड़े अपने ज्ञान को साझा करते हुए खिलाड़ियों को मोटिवेशन किया।

इस मौके पर जनपद गीतेश्वरी साहू, उपाध्यक्ष सतीष जैन, सरपंच संघ के हरिशंकर साहू, पन्ना चन्द्राकर, हिमांशु, मालकराम साहू, एसडीएम नभसिंह कोसले, सीईओ अमित सेन, तहसीलदार सूरज बंछोर, सीएमओ महेन्द्र गुप्ता, करारोपण अधिकारी राकेश ध्रुव सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, खेल शिक्षक, जनपद सदस्य, पार्षद आदि उपस्थित थे।

## निशा बनीं भाजयुमो की प्रदेश कन्या शक्ति सह संयोजिका

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

- जिले में कन्या शक्ति को मिलेगा बल, कार्यकर्ताओं में हर्ष

कुरूद विधानसभा के ग्राम परखंदा की बेटी निशा वैष्णव को उनकी जमीनी सक्रियता और पार्टी के प्रति अटूट निष्ठा को देखते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें प्रदेश कन्या शक्ति सह-संयोजिका के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है।

बता दें कि निशा वैष्णव राजनीति और सामाजिक कार्यों में कोई नया नाम नहीं हैं।



इससे पूर्व उन्होंने धमतरी जिले में भाजयुमो कन्या शक्ति संयोजिका के रूप में युवतियों को संगठित करने में सराहनीय भूमिका निभाई है। वर्तमान में वे वैष्णव समाज महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष के पद पर भी आसीन हैं। उनकी कार्यशैली में अनुशासन, प्रखर वक्ता का गुण और महिलाओं को नेतृत्व प्रदान करने की अद्भुत क्षमता दिखाई देती है, जिसने प्रदेश नेतृत्व का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।

निशा वैष्णव की इस उपलब्धि पर कुरूद विधानसभा सहित धमतरी जिले के भाजपाइयों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों में जबरदस्त उत्साह है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि निशा की यह नई जिम्मेदारी प्रदेश में कन्या शक्ति अभियान को नई धार देगी और अधिक से अधिक युवतियों को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ेगी। निशा वैष्णव ने कहा कि संगठन ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर पूरी निष्ठा के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगी। मेरा लक्ष्य प्रदेश की हर युवती को सशक्त बनाना और उन्हें संगठन की रीति-नीति से जोड़कर राष्ट्रहित में कार्य करना है।

## कबीर सत्संग समिति के निरंजन बने अध्यक्ष

**सिर्री।** ग्राम अटंग में श्री कबीर सत्संग समिति के नए पदाधिकारियों का गठन 21 दिसंबर रविवार को किया गया। अध्यक्ष निरंजन सिंह साहू, उपाध्यक्ष धूषण साहू, सचिव वेदप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद साहू, सहसचिव टेकराम साहू, संरक्षक मन्नू लाल साहू, किशन लाल साहू, तुकाराम साहू, बिष्णु राम, बिसाहू राम बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में प्रकाश कुमार साहू, दाऊलाल साहू, इंद्रकुमार, रुद्रनाथ साहू, श्रवण कुमार, गुरुदयाल, नरेश कुमार, छबिलाल, रायसिंग, रानूलाल, दीनदयाल, लिकेश्वर, हेमलाल, सुधुराम, मीलूराम शिवकुमार, गोविन्द राम, विनोद कुमार, खेमराज, लीमन, केशव राम, लीलेश ,चैतराम, धन्नू राम शामिल हैं।

## ज्ञान और भक्ति के मार्ग से होगी ईश्वर की प्राप्ति : लक्ष्मणाचार्य







- बगौद में भागवत कथा सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम बगौद में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में चल रहा है। आयोजन के प्रथम दिवस 22 दिसंबर को कलश यात्रा, भागवत स्थापना एवं सुकदेव आगमन की कथा का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन शामिल हुए। पूरे गांव में भक्ति का माहौल बना रहा।

दूसरे दिवस 23 दिसंबर को सुप्रसिद्ध कथावाचक विध्यपीठाधीश्वर श्रीश्री 1008 जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी लक्ष्मणाचार्य महाराज (विंध्याचल मिर्जापुर उत्तरप्रदेश) ने कपिलदेव-देवहूति एवं ध्रुव चरित्र की भावपूर्ण कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि कपिल मुनि भगवान विष्णु के पंचम अवतार माने जाते हैं और वे सांख्य दर्शन के प्रवर्तक हैं। कपिल मुनि ने अपनी माता देवहूति को आत्मा और प्रकृति के भेद, बंधन और मुक्ति के सिद्धांतों का उपदेश देकर भक्ति-योग का मार्ग दिखाया, जिससे उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई।

कथावाचक ने ध्रुव चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि राजा उत्तानपाद और रानी सुनीति के पुत्र ध्रुव ने विमाता सुरुचि के अपमान से आहत होकर मात्र पांच वर्ष की आयु में कठोर तपस्या की। भगवान विष्णु की कृपा से उन्हें ध्रुवलोक की प्राप्ति हुई और वे ध्रुव तारा बने, जो अटूट भक्ति और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।

स्वामी लक्ष्मणाचार्य महाराज ने कहा कि सांसारिक सुख-दुख और अपमान से ऊपर उठकर ज्ञान और भक्ति के मार्ग से ईश्वर प्राप्ति संभव है। कथा के दौरान पंडाल में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने भक्ति रस में डूबकर कथा का आनंद लिया। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## मानव जीवन को सत्संग और धर्म में लगाएं : रूपम

- सेमरा बी में श्रीमद भागवत महापुराण का संगीतमय आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम सेमरा (भखारा) के रामसागरपारा में हिरवानी परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा के पंचम दिवस वृंदावन से पधारी साध्वी रूपम राघव ने कहा कि मानव जीवन को अच्छे सत्संग, धर्म और परमात्मा में लगाएं तभी इसकी सार्थकता है।

शनिवार को महारास चर्चा, गोपी उद्धव संवाद, श्री कृष्ण रूक्मणि विवाह प्रसंग की कथा सुनाते हुए साध्वी रूपम राघव वृन्दावन ने कहा कि ज्ञानी होना यह आवश्यक नहीं है, बल्कि परमात्मा के प्रति सच्चा प्रेम हो तो ज्ञानी अवश्य हो जाएगा। कथा



सुनने मात्र से कल्याण नहीं हो सकता। बल्कि कथा प्रंसग को अपने जीवन में आत्मसात करें तो आपके जीवन की सारी चिंताएं खत्म हो जाएंगी। यह कथा श्रवण का फल है। प्रेम को परिभाषित करते हुए बताया कि सच्ची प्रेम वह है जिसमें व्यक्ति स्वयं को भी भूल जाता है। सांसारिक जीवन में प्रेम की परिभाषा वासना, स्वार्थ हो गई है जिसमें कोई भाव ही नहीं रहता। प्रेम में सच्चा भाव होना चाहिए। भागवत महापुराण कथा का रसपान करने सुखराम साहू, लखन, माखन साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।



## रामपुर में ओबीसी समाज की ग्रामीण इकाई गठित

- ओबीसी समाज को केवल वोट बैंक के तौर में इस्तेमाल किया जा रहा : टिकेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी



ओबीसी संयोजन समिति संगठन के सहसंस्थापक टिकेश्वर साहू के नेतृत्व में रामपुर में ओबीसी समाज की ग्रामीण इकाई का गठन किया गया। रविकांत साहू अध्यक्ष, उपाध्यक्ष गणेश निषाद, संस्कार साहू सचिव और कोषाध्यक्ष तिलक कुमार साहू चुने गए। कार्यकारिणी सदस्यों में हेमंत कुमार साहू, संदीप कुमार साहू, लीलेश कुमार साहू, तुलेश्वर निषाद, रेस कुमार साहू, चेतन राम यादव शामिल हैं। कार्यक्रम में सरपंच ऋषि कुमार साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

मौके पर टिकेश्वर ने कहा कि आबादी के अनुसार हिस्सेदारी हमारा पहला हक है लेकिन सत्ता के षड्यंत्र ने ओबीसी समाज को पिछले 75 साल से केवल झुनझुना ही दिया है। ओबीसी समाज को केंवल वोट बैंक के तौर में इस्तेमाल किया जाता है। आगे कहा कि हमारे समाज के युवा वर्ग संगठित हो रहे हैं। 10 जनवरी को संगठन का 5 वां स्थापना दिवस राजधानी रायपुर में मनाया जायेगा।

## रसायनों के सुरक्षित उपयोग, दुर्घटनाओं से बचाव पर दी जानकारी

- यशवंत राव मेघावाले कालेज में प्रयोगशाला सुरक्षा पर हुआ अतिथि व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ. प्रभा वेरुलकर के मार्गदर्शन में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रयोगशाला में कार्य करते समय आवश्यक सुरक्षा उपायों की जानकारी प्रदान करना था।

मुख्य अतिथि डॉ. मधुरानी शुक्ला प्राचार्य, कुलेश्वर महादेव




शासकीय महाविद्यालय गोबरा नवापारा उपस्थित रहीं। अपने व्याख्यान में उन्होंने लेबोरेटरी सेफ्टी विषय पर जानकारी देते हुए रसायन प्रयोगशाला में प्रयुक्त उपकरणों, रसायनों के सुरक्षित उपयोग, दुर्घटनाओं से बचाव, प्राथमिक उपचार, अग्नि सुरक्षा तथा सुरक्षा नियमों के पालन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने फर्स्ट एड, अग्निशमन यंत्रों के उपयोग, आपातकालीन स्थिति में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया तथा प्रयोगशाला नियमों के पालन के महत्व को उदाहरणों के माध्यम से समझाया। कार्यक्रम डॉ. रमा चंद्राकर सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र एवं सुश्री निरूपा साहू सहायक प्राध्यापक भौतिकी के निर्देशन में हुआ।

इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. घनश्याम देवांगन, कौसलेश कुमार ध्रुव, डॉ. यशोदा साहू, श्रीमती दिव्या देवांगन, दीपक कश्यप, नीरज साहू, श्रीमती वर्षा यादव, श्रीमती अनीता साहू, विनोद कुमार, श्रीमती सुशीला साहू, सुषमा टंडन सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### रात्रिकालीन कबड्डी में पटेवा रहा अव्वल



**जीजामगांव।** कोड़ापार में इस वर्ष भी मां शीतला कबड्डी दल कोड़ापार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम पुरस्कार 8,001 रूपये एवं शील्ड जय सतनाम कबड्डी दल पटेवा, द्वितीय पुरस्कार 5,001 रुपये तथा शील्ड जय महामाया कबड्डी दल पटेवा व तृतीय पुरस्कार 3001 रुपये व शील्ड ग्राम भेंड्री को दिया गया। इस अवसर पर गौकरण साहू जिला उपाध्यक्ष, जीवन साहू अध्यक्ष जिला सहकारी समिति दरबा, अनुराग साहू जनपद सदस्य, भीम साहू सरपंच कोड़ापार, मेघनाथ यादव उपसरपंच, पूरन साहू, मयंक, अरुण साहू, ताम्रध्वज साहू, उपस्थित थे। यह जानकारी योगेश साहू ने दी।

### लइका घर मसानडबरा में गर्म कपड़े का वितरण



**सांकरा।** ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित ग्राम मसान डबरा में विशेष पिछड़ी जनजाति के अंतर्गत आने वाले कमार परिवार निवासरत है। यहां के लइका घर में बढ़ती ठंड को देखते हुए गर्म कपड़ा प्रदान किया गया। आवासीय परिसर के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा के हाथों वितरण किया गया। इस अवसर पर लइका घर के सुपरवाइजर अनीता, कलस्टर कार्डिनेटर संतोषी, वालंटियर कुलेश्वर साहू, कार्यकर्ता आसो बाई सोरी, अतिरिक्त कार्यकर्ता नीता नाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता साजन साहू, राजेश सोरी, बाल प्रसाद नेताम, मुकेश सोरी, मांनकुवर सोरी समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सोनपुर स्कूल में न्योता भोज, कॉपी पेन का वितरण



**सिर्री।** गुरु घासीदास जयंती पर शासकीय प्राथमिक शाला सोनपुर में जनपद सदस्य ललिता रमेश भतपहरी द्वारा स्कूली बच्चों को न्योता भोज कराया गया। न्योता भोज में बच्चों को खीर पूड़ी और केला का वितरण किया गया। पढ़ाई हेतु कॉपी और पेन भी दिया गया। न्योता भोज और पेन, कॉपी प्राप्त कर बच्चों में खुशी देखी गई। मौके पर जनपद सदस्य ललिता रमेश भतपहरी सहित शाला के प्रधानपाठक नेतराम मारकण्डे, सहायक शिक्षक गंगा साहू, भावना वासनिक एवं शाला प्रबंधन समिति के सेवक साहू, महेंद्र सोनबेर, हितेश्वरी साहू मौजूद थे।

### सांकरा में हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति गठित



**सांकरा।** ग्राम सांकरा के मानस प्रांगण में हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति का गठन किया। बैठक प्रभारी रविशंकर दुबे, स्वयं सेवक चित्रांश नागवंशी की उपस्थिति में हुई। समिति के संयोजक सुरेश कुमार साहू, सहसंयोजक श्रीमती हेमलता साहू, श्रीमती खेमिन साहू, शशि भूषण साहू, कोषाध्यक्ष छगन साहू, सचिव राजू पटेल बनाए गए। बैठक में हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति सांकरा के संरक्षक व जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, सभापति जनपद पंचायत नगरी राजेश गोसाईं, सरपंच नागेन्द्र बोरझा का नाम प्रस्तावित किया गया। सदस्यों में श्रीमती सुलोचना साहू, श्रीमती मीरा साहू, गिरवर भंडारी, कृपाराम नाग, तीरथ राम साहू, रमेश साहू, साधू राम साहू, लूनकरण साहू, पीलसाय साहू, बलदाऊ यादव, कुशल साहू, भूपेश बनपेला, नारायण साहू, बंशीलाल लाल ध्रुव, मनराखन साहू, उमेंद दास मानिकपुरी, बीरेंद्र ठाकुर, ओमप्रकाश साहू मनोनीत हुए।

### परसुली में घासीदास की 269वीं जयंती मनी

**धमतरी।** ग्राम परसुली में गुरु घासीदास बाबा की 269 वीं जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि दयाराम साहू पूर्व महामंत्री प्रदेश साहू संघ ने कहा कि सत्य का मार्ग दिखाने वाला गुरुघासी दास बाबा है। ऐसे महापुरुष को नमन कर हम सभी को उनके बताए रास्ते में चलना चाहिए। उन्होंने छाता पहाड़ व गिरौदपुरी धाम के बारे में जानकारी दी। अध्यक्षता कर रही गीतेश्वरी साहू जनपद सदस्य ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। विशेष अतिथि रामेश्वर कुर्रे, राजेंद्र भारती, भगवान सिंह, सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, तोमेश्वर निषाद अध्यक्ष ग्राम विकास समिति, डा गजेंद्र साहू, निरंजन साहू, विश्राम डहरिया थे। सतनामी समाज द्वारा गली भ्रमण कर विशेष पूजा अर्चना कर पालो चढ़ाने की रस्म निभाई गई। मंच संचालन उपसरपंच घनश्याम बांधे व आभार प्रदर्शन पूर्व सरपंच धनसाय साहू ने किया।

Pride of Dhamtari

अंशु ट्रेडर्स एंड हार्डवेयर

प्रो. देवनारायण साहू, मौरीकला (कुरूद), जिला-धमतरी मो. 9301661519

यहां रेट पूछताछ जरूर कर लेवें

कुरूद/नवापारा/अभनपुर से भी कम दाम पर उपलब्ध

हमारे यहां सभी प्रकार के सीमेंट और छड़ (सरिया) उपलब्ध है

जैसे - अल्ट्राटेक, जेके लक्ष्मी, श्री सीमेंट, ड्यूरागार्ड सीमेंट, छड़ (सरिया) उपलब्ध है

SAGAR TMT

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि

धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरूद - 98268-82770, नगरी -75818-01429

मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273

राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## अंचल की खबरें

### धर्म, संस्कृति, गौ संरक्षण पर प्रकाश डाला



**नगरी।** ग्राम सिंगपुर में धर्म सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य धर्म, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। धर्म सभा के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, नामदेव राय प्रदेश महामंत्री भारतीय गौ क्रांति मंच, संजय सिन्हा अध्यक्ष भारतीय गौ क्रांति मंच, तिलक देवांगन महामंत्री, रिंकू सेन महामंत्री, डोमेन्द्र सिन्हा ब्लॉक अध्यक्ष मगरलोड थे। इसके अलावा कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक राहुल जैन, योगेश्वर साहू, शुभम निक्कू शर्मा, रामायण सिन्हा, सूर्या नेताम, गजेंद्र पटेल एवं दानू साहू ने भी सहभागिता की। वक्ताओं ने अपने संबोधन में धर्म, संस्कृति, गौ संरक्षण एवं समाज में नैतिक मूल्यों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

### सभापति कौशिल्या ने बच्चों को पिलाया पोलियो ड्रॉप



**धमतरी।** पोलियो उन्मूलन अभियान के तहत सोरिद वार्ड में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निगम की सभापति श्रीमती कौशिल्या देवांगन ने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक दिलाने की अपील की। सभापति कौशिल्या देवांगन ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए यह अभियान आवश्यक है। सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस कार्यक्रम में आमजन की सहभागिता से ही पोलियो मुक्त समाज का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही आज देश पोलियो उन्मूलन की दिशा में सफल हुआ है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिनों ने घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो ड्रॉप पिलाने का कार्य किया।

### बच्चों को पोलियो की सभी खुराक अवश्य दें



**धमतरी।** विश्व पोलियो दिवस पर जिले में पोलियो उन्मूलन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने आमजन को पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण के महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में बताया गया कि नियमित पोलियो टीकाकरण से बच्चों को इस घातक बीमारी से सुरक्षित रखा जा सकता है। स्वास्थ्य कर्मियों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की सभी निर्धारित खुराक अवश्य पिलाएं। इस अवसर पर रैली, पोस्टर प्रदर्शन एवं जनजागरूकता संवाद के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि दो बूंद ज़िंदगी की हर बच्चे के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है। वक्ताओं ने कहा कि भारत ने पोलियो मुक्त देश का दर्जा प्राप्त कर लिया है, लेकिन सतत सतर्कता और टीकाकरण जारी रखना बेहद जरूरी है।

### साधकों ने किया चक्र साधना का ध्यान



**धमतरी।** अंतर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस पर श्री लोहाणा महिला मंडल धमतरी द्वारा 20 एवं 21 दिसंबर को ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस ध्यान के अर्थ, महत्व एवं लाभों पर प्रकाश डाला गया, साथ ही ध्यान करने की विधि को सरल रूप में समझाया गया। इस अवसर पर साधकों को पंचकोशी ध्यान का अभ्यास भी करवाया गया। द्वितीय दिवस के सत्र में मानव शरीर में स्थित सात चक्रों के स्थान, उनकी स्थिति, रंग, आकृति एवं प्रभावों की जानकारी दी गई। इसके बाद प्रतिभागियों को चक्र साधना ध्यान का अभ्यास करवाया गया। ध्यान का अभ्यास श्रीमती तृप्ति माणेक द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में लोहाणा महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती वंदना मिरानी, मंडल की सदस्य श्रीमती सोनिया पोपट, जनक लोहाना, भावना रायचुरा, सुधा लोहाना, राखी रायचुरा, वीणा गंभीर,नीता रायचुरा, ममता राजपुरिया, सुमन रायचुरा, चंचल राजपुरिया, श्रीमती उषा कोठारी शोभना भिंडोरा, लता सोनी, स्मिता पारख, उषा माहेश्वरी, प्रतिभा अग्रवाल मौजूद थे।

### आरक्षक बनने पर पूजा का ग्रामीणों ने किया सम्मान



**सिर्री।** ग्राम मरौद निवासी पूजा साहू का चयन आरक्षक पद पर होने से ग्रामवासियों ने उनका सम्मान किया। इस अवसर पर तेजराम सिन्हा ने कहा कि निरन्तर प्रयास से सफलता अवश्य मिलती है। गांव के बच्चों को पूजा से प्रेरणा लेकर निरन्तर मेहनत करने की बात कही। पूजा साहू ने अपने संघर्षों को सभी के बीच साझा करते हुए बताया कि बिना किसी कोचिंग की अपनी तैयारी की, परिवार के सदस्यों, दोस्तों ने भरपूर सहयोग दिया। लोगों ने पूजा का तिलक वंदन, गुलदस्ता, श्रीफल, भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर उपसरपंच गोकुल निर्मलकर, साहू समाज के प्रमुख गणेश साहू, वरिष्ठ नागरिक विश्राम साहू, शिवा साहू, तोमेश्वरी, थनवारिन बाई, धनेश्वरी, खोरबाहरा राम, पंकज, तुलेश, प्रीति साहू, पप्पू, तिजेन्द, वीरेंद्र सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन हेमन्त साहू ने किया। वह स्व. टीकाराम साहू- संगीता साहू की पुत्री हैं।

### 5 साल तक के बच्चों ने पी पोलियो की दवा

**नगरी।** दुर्गा चौक आंगनबाड़ी केंद्र नगरी में पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर पोलियो जैसी खतरनाक बीमारी से बच्चों को बचाने का अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में नगर पंचायत नगरी के वार्ड नंबर 13 के पार्षद यशकरण सिंह पटेल, शारदा प्रसाद ग्वाले, सुरेश साहू, मोरजध्वज पटेल, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुलोचना साहू, मितानिन खिलेश्वरी साहू, परमेश्वरी उपस्थित थे।

को-ऑपरेटिव बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने संभाला पदभार

# किसान ही सहकारिता की असली ताकत है

- यह मेरे लिए पद नहीं बल्कि सेवा का संकल्प है: निरंजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद





जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष अभिनेष कश्यप बॉबी ने पदभार ग्रहण किया जिसका बैंक के अधिकारी, कर्मचारियों, सहकारिता क्षेत्र से जुड़े नेताओं, जनप्रतिनिधियों ने पुष्पहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। सोमवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के मुख्य कार्यालय भवन में बैंक के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री सिन्हा एवं उपाध्यक्ष श्री कश्यप ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण से पूर्व दोनों पदाधिकारियों ने बैंक प्रांगण में स्थित बैंक के संस्थापक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित वामन बलीराम लाखे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की।

अपने उद्बोधन में नवनियुक्त अध्यक्ष निरंजन सिन्हा ने कहा कि जब किसी कार्यकर्ता को दायित्व मिलता है, तो वह केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं रह जाती, बल्कि उसे सौंपे गए विश्वास की परीक्षा बन जाती है। आज सहकारिता के क्षेत्र में जो दायित्व मुझे मिला है, वह मेरे लिए पद नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि लगभग 15 वर्षों के अंतराल के बाद नगर पालिका से होते हुए पुनः शासकीय दायित्व मिला है, जो दल के विश्वास, कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता की अपेक्षाओं का परिणाम है। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सहकारिता की असली ताकत किसान है। धान खरीदी केंद्रों से लेकर ऋण वितरण, भुगतान व्यवस्था और बैंकिंग सेवाओं तक किसानों को किसी भी स्तर पर परेशानी नहीं होनी चाहिए यही उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके पूर्व बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास ने बैंक की ऐतिहासिक यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि 2 जनवरी 1913 को स्थापित यह बैंक आज 6 जिलों में विस्तारित 73 शाखाओं एवं 550 से अधिक प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से रायपुर सहित सेवाएं दे रहा है। उन्होंने बताया कि बैंक का डिपॉजिट निरंतर बढ़ रहा है, जो किसानों और आम नागरिकों के भरोसे का प्रमाण है। मंच संचालन बैंक अधिकारी व कवयित्री सुनीता शर्मा ने किया।

मौके पर विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, नेहरू निषाद (अध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग आयोग), जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रघुनंदन साहू, मगरलोड जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, पूर्व अध्यक्ष श्याम साहू, भखारा नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, रामगोपाल देवांगन, प्राधिकृत अधिकारी पंकज सिन्हा, सिर्री मंडल अध्यक्ष लोकेश साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरिशंकर साहू, व्यापारी संघ अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, खिलेंद्र चंद्राकर, विनोद चंद्राकर, कालीदास सिन्हा,शत्रुघ्न साहू, टिकेंद्र बैंस (ब्रांच मैनेजर कुरूद), महेंद्र सिंह गौर (ब्रांच मैनेजर कोर्रा) प्रभात बैस, विकास साहू, खूबलाल साहू, भोलाराम साहू, सतरुपा सिन्हा, सत्यप्रकाश सिन्हा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बोरसी सोसायटी में धान उठाव धीमी गति से हो रहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

खरीदी केन्द्रों से धान का परिवहन धीमी गति से हो रहा है जिससे खरीदी केन्द्रों में धान जाम पड़ा हुआ है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बोरसी में 23857.20 क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। 22 दिसम्बर की स्थिति में 607 किसान 29917.20 क्विंटल धान बेच चुके हैं जिसमें मोटा धान 18102.40 क्विंटल, पतला 5043.20 क्विंटल एवं सरना धान 6771.60 क्विंटल है। सिर्फ मोटा धान 1460 क्विंटल, पतला 2160 क्विंटल, सरना धान 2440 क्विंटल सहित कुल 6060 क्विंटल धान का उठाव हो पाया है। फड़ में धान की जाम की स्थिति बनी हुई है। धान परिवहन धीमा होने से किसानों को धान बेचने के लिए जगह का अभाव हो रहा है। समिति प्रबंधक नेमचंद निषाद ने बताया कि 1496 किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन करवाया है। 70974710.80 रूपये की धान खरीदी हो चुकी है। 20929562.90 रूपये की ऋण वसूली हो चुकी है। 49866372 रूपये किसानों के खाते में ऑनलाइन भुगतान किया गया है। अब तक 42 प्रतिशत खरीदी हो चुकी है। 50 प्रतिशत ऋण वसूली हो चुकी है। प्रतिदिन 1600 क्विंटल धान की खरीदी हो रही है।

## करैहा में धर्मांतरण पर हुआ विचार-विमर्श



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम करैहा में शनिवार को सर्व समाज ग्राम समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में करैहा, आमदी, नवापारा, आरमुड़ा, पलारीखार, झुंझराकसा, अर्जुनी, लिटीपारा, सांकरा, चिवरी, बेड़वापथरा एवं कुकरीकोना के ग्रामीण शामिल हुए। बैठक में क्षेत्र में सामाजिक विषयों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सामाजिक जागरूकता, परंपराओं के संरक्षण एवं आपसी समन्वय को मजबूत करने पर अपने विचार साझा किए। गांवों में सामाजिक एकता बनाए रखने और लोगों को जागरूक करने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर सहमति बनी। धर्मांतरण को लेकर सदस्यों का विवरण संकलित किए जाने पर भी चर्चा हुई। गांव में बाहर से आने वाली पादरियों पर विशेषण नजर रखने की बात कही गई। बैठक में सखाराम गंजीर, जगु मरकाम, सरपंच राधेलाल नेताम, सरपंच अरण कुमार कोर्राम, बलराम नेताम, महेंद्राम नेताम, लक्ष्मण कोर्राम, हरिकेश मरकाम, हुजेंद्र पोहा, किशोर मरकाम, आजूराम यादव, अमरसिंह यादव, नेहरू सिंह मरकाम, शिवलाल मारकोले, कृष्ण, गोवर्धन साहू, विष्णुदेव मरकाम उपस्थित थे।

## समाज के गरीब एवं कमजोर वर्ग के लिए बेहतर काम करेंगे



**धमतरी।** जिला साहू समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष गणेश साहू का ग्रामीण साहू समाज पचपेड़ी द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि वे समाज हित में सदैव समर्पित भाव से कार्य करेंगे। उनका मुख्य उद्देश्य समाज के प्रत्येक सदस्य के जीवन स्तर को ऊपर उठाना है। इसके लिए शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जागरूकता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज के गरीब एवं कमजोर वर्गों को लाभकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने, आपसी एकता को मजबूत करने तथा शासन-प्रशासन में समाज को उचित प्रतिनिधित्व दिलाने की दिशा में निरंतर संघर्ष करने की बात कही। इस अवसर पर गंगाराम साहू, गुलज़ार साहू, धनंजय साहू, मोहरसिंह साहू, मोहिनी साहू, जगदीश, चोवा, नरेंद्र साहू, अरुण साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित थे।

## छात्रों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र–छात्राओं को मतदान हेतु जागरुक करने कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय में उपस्थित 18 वर्ष पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं निष्पक्ष मतदान हेतु प्रेरित किया गया। प्राचार्य डॉ मनदीप खालसा ने कहा कि नागरिकों को देश के संविधान द्वारा अपने प्रतिनिधि चुनने का अधिकार हे। इसे ही मताधिकार कहते हैं। लोकतांत्रिक देश में नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के जो 18 वर्ष पूर्ण कर चुके है, उन्हें वोट देने का अधिकार दिया गया है। प्रो. आरआर मेहरा स्वीप प्रभारी ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि अपने परिवार एवं आसपास के मित्रों में मतदान के प्रति जागरुकता फैलायें। नये मतदाता पंजीकरण और मतदान के महत्व पर चर्चा की गई।

प्रो. मोहित कुमार ने एसआईआर संबंधी एवं वोटर हेल्पलाइन एप्प के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद चौरे एवं आभार प्रदर्शन सौरभ पाण्डे द्वारा किया गया। कार्यशाला में डॉ. अश्वनी ध्रुव, प्रो. हितेशानंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवांगन, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, डॉ. कविता, डॉ. अंबा शुक्ला, डॉ. ममता सौरज, श्रीमती उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, डिलेश्वरी पटेल, सागर मण्डावी, अविरल तिवारी उपस्थित थे।

## सामाजिक क्रांति के अग्रदूत थे घासीदास : कृष्णकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



ग्राम मंदरौद में संत गुरु घासीदास बाबा की जयंती मनाई गई। सतनामी समाज के लोगों ने पालो चढ़ाकर एवं जैतखाम का पूजा अर्चना कर प्रसादी का वितरण किया। मुख्य अतिथि भाजपा कुरूद मण्डल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने गुरु घासीदास बाबा के समाज के शोषितों और उत्पीड़ितों के उध्दार के लिए दिए गए योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि गुरु घासीदास छत्तीसगढ़ के समाज में एक ऐसे प्रकाश स्तंभ हैं जिन्होंने समानता, न्याय और मानवीय गरिमा के आदर्शों को स्थापित किया और उनका प्रभाव आज भी सतनामी समुदाय और पूरे समाज में देखा जा सकता है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग प्रेमचंद साहू, सरपंच भीखम लहरे, राजू कोसरिया, ज्वाला चंद्राकर, भारत सोनकर, रामकुमार टंडन समेत समाज के सभी वरिष्ठगण उपस्थित थे।

## जिपं उपाध्यक्ष ने पिलाई पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत सिर्री क्षेत्र में 21 से 23 दिसंबर तक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इसी तारतम्य में ग्राम कठौली सहित क्षेत्र के उपस्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। मौके पर पहुंचे गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत ने अपने हाथों से बच्चों को पोलियों के 2 बूंद की खुराक पिलाई। उन्होंने देश का भविष्य बचाओ, पोलियो की दवा हर बार पिलाओ का संदेश देते हुए सभी पालकों को अवगत कराया और आग्रह किया कि वह अपने बच्चों को पोलियो की हर खुराक जरूर पिलाएं और उनका भविष्य सुरक्षित और स्वस्थ रखे। इस अवसर पर पालकगण, मितानिन, स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ उपस्थित थे।

### बच्चों को पिलाई गई आईपीवी की दो बूंद

**नगरी।** ग्राम पंचायत खम्हरिया में पोलियो दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को आईपीवी की दो बूंद पिलाई गई। कार्यक्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों ने अभिभावकों को जागरूक करते हुए बताया कि समय पर पोलियो ड्रॉप पिलाने से बच्चों को आजीवन अपंगता से सुरक्षित रखा जा सकता है और स्वस्थ भविष्य की नींव रखी जा सकती है। इस अवसर पर सरपंच संत कुमार मरकाम, पंच रहेत ग्वाल एवं पुष्पा यादव, मितानिन सुशीला नेताम, जानकी साहू, लक्ष्मी कश्यप, उर्मिला रात्रे, माहेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं बच्चे उपस्थित थे।

गुरु बालकदास सभा भवन में हुआ प्रदेश स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन

# जीवनसाथी चुनने 90 युवक-युवतियों ने दिया परिचय





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

प्रदेश स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन गुरु बालकदास सभा भवन धमतरी में किया गया। यह कार्यक्रम सतनामी समाज जिला धमतरी, सतनामी शासकीय सेवक संघ एवं सतनामी समाज कल्याण समिति के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डोमन लाल कोर्सेवाडा उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण रायपुर छत्तीसगढ़ ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अध्यक्षता महेश रोहरा अध्यक्ष सर्व हिंदू समाज ने की। विशिष्ट अतिथि कपिल देशलहरे जिलाध्यक्ष सतनामी समाज धमतरी, अशोक पवार, दिलीप पटेल, वरुण राय, हरजिंदर छाबड़ा, अजय जैन, पवन अग्रवाल, पटेल भाई, डॉ. सुरेंद्र कुर्रे संरक्षक, रमेश लहरे अध्यक्ष, सतनामी शासकीय सेवक संघ एवं सतनामी समाज कल्याण समिति, भूषण जांगड़े पूर्व अध्यक्ष, सोमेश मेश्राम पूर्व पार्षद, अज्जू देशलहरे पार्षद थे। सम्मेलन में प्रदेश भर से 90 युवक-युवतियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि डोमन लाल कोर्सेवाडा ने कहा कि सतनामी समाज की सभ्यता, संस्कृति एवं पंथी नृत्य विश्व प्रसिद्ध है। वर्तमान में विवाह में होने वाले अनावश्यक खर्च को कम करने के उद्देश्य से परिचय सम्मेलन समाज के लिए सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज गुरु घासीदास बाबा के सात संदेशों पर चलने वाला समाज है। जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे ने कहा कि धमतरी जिले में अब तक गुरु घासीदास बाबा के नाम पर कोई चौक या चौराहा नहीं है। उन्होंने मांग रखी कि नेशनल हाईवे स्थित श्यामतराई चौक को गुरु घासीदास बाबा के नाम से जाना जाए। सर्व हिंदू समाज के अध्यक्ष महेश रोहरा ने कहा कि श्यामतराई चौक को संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा के नाम से चौक बनवाने कलेक्टर, विधायक एवं शासन स्तर पर मांग रखी जाएगी तथा जनवरी माह में चौक का निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम में अशोक पवार, डॉ. सुरेंद्र कुर्रे, रमेश लहरे, नरेश बघेल, मीना बंजारे सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सीडी रात्रे, कौशल सर्वे, दूजराम टंडन, संजय बघेल, भगत मार्कण्डेय, ब्लॉक अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला बंजारे, युवा जिलाध्यक्ष डोमन चंदेल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रमेश लहरे ने किया।

## खबर संक्षेप

### कंडेल में कबीर सत्संग समारोह 25 से

पुरी। ग्राम कंडेल में कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 25 और 26 दिसंबर को सुबह 10 से 1 बजे एवं दोपहर 2:30 बजे से 5 बजे तक किया गया है। मुख्य प्रवक्ता सुश्री चंद्रकला साहेब सदगुरु कबीर दिव्य ज्योति ज्ञान आश्रम सोनारदेवरी बलौदाबाजार होंगी। यह जानकारी नारायण साहू एवं उमाशंकर साहू कंडेल ने दी।

### बागोडार की मड़ई 1 जनवरी को

**कुकरेल /धमतरी।** ग्राम पंचायत लीलर के आश्रित ग्राम बागोडार में 1 जनवरी गुरुवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए मोर मयारू गंगा नाचा पार्टी साराबोंग जिला नवापारा ओडिशा का कार्यक्रम रखा गया है। तैयारी में चंद्रहास नागवंशी, विशेष कुमार, राजेंद्र कुमार, तिलक यादव, राजाराम मरकाम, पोखन मरकाम जुटे हैं।

### बिरेझर में जयंती मड़ई 30 को

**जीजामगांव।** ग्राम बिरेझर में इस वर्ष भी सतनामी समाज द्वारा संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की 269 वीं जयंती पर 30 दिसंबर को जयंती मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए अंजोरी रात पंचराम बिरझा का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम होगा। यह जानकारी सतनामी समाज के अध्यक्ष बुधारू गहिवारे ने दी है।

### बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए मार्गदर्शन शिविर 25 को

**धमतरी।** धीवर समाज द्वारा समाज के बच्चों की शिक्षा हेतु सतत रूप से प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए हर साल करियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष समाज द्वारा कक्षा दसवीं एवं 12वीं में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को माह फरवरी 2026 में आयोजित होने वाली वार्षिक बोर्ड परीक्षा की तैयारी करवाने 25 दिसंबर को प्रातः 11 बजे शीतला माता मंदिर परिसर धीवर समाज भवन महिमा सागर वार्ड में विशेष मार्गदर्शन शिविर का आयोजन किया गया है ।

### चेंबर पदाधिकारियों को सम्मानित कर मांग से संबंधित सौंपा ज्ञापन

**भानुप्रतापपुर।** चेंबर ऑफ कॉमर्स भानुप्रतापपुर व्यापारियों द्वारा पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। व्यापार संबंधी भी चर्चाएं भी हुईं। ज्वलंत मांग से अवगत कराकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए ज्ञापन सौंपा गया। जिसे अध्यक्ष के द्वारा स्वास्थ्य मंत्री को चेंबर की तरफ से लेटर भेजने का की बात कही गई है। चेंबर ऑफ कॉमर्स भानुप्रतापपुर व्यापारियों द्वारा अध्यक्ष सतीश थोरानी, कार्यकारी अध्यक्ष आरके सुंदरानी, कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, चेतन तरवानी से मुलाकात कर चेंबर के सदस्यों को भानुप्रतापपुर आने का निमंत्रण दिया गया, जिसे चेंबर सदस्यों ने स्वीकारा किया और बहुत जल्द भानुप्रतापपुर आने की बात कही।

### दुर्गुकोंदल में 210 परिवारों को मिला पक्का आशियाना

**दुर्गुकोंदल।** प्रदेश में 22 दिसंबर को एतिहासिक सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेशभर में निर्मित नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवासों में हितग्राहियों का प्रतीकात्मक रूप से गृह प्रवेश कराया गया।
विकासखण्ड दुर्गुकोंदल अंतर्गत कुल 210 पक्के आवासों का निर्माण पूर्ण हुआ है। विकासखण्ड दुर्गुकोदल की सभी ग्राम पंचायतों में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जनपद सदस्यों, सरपंचों, समाज प्रमुखों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।
आयोजित कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ सुरेंद्र बंजारे, एडीशनल सीईओ आरडी ठाकुर, तकनीकी सहायक अंकुर बघेल, सरपंच अनूपा कोवाची, वार्ड पंच, सचिव रामप्रसाद दुग्गा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम प्रांगण में हुआ महोत्सव का शुभारंभ

# विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में 465 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

फिट युवा फॉर विकसित भारत थीमपर आधारित विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम प्रांगण धमतरी में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक धमतरी ओंकार साहू रहे। अध्यक्षता महापौर रामू रोहरा ने की। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग नेहरू निषाद, पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, सभापति नगर निगम श्रीमती कौशल्या देवांगन तथा अध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी श्रीमती अंगिरा ध्रुव थे। इस विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता में पांच क्लस्टरों से आए कुल 465 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताएं 11 खेल विधाओं जैसे





ऊंची कूद, लंबी कूद, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल एवं बैडमिंटन में आयोजित की गईं। खिलाड़ियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

अतिथियों ने सभी खिलाड़ियों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। खेलों के माध्यम से शारीरिक फिटनेस और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम है। विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव के विजेता खिलाड़ी आगामी लोकसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव महासमुंद में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी एवं जिला खेल अधिकारी पीयूष तिवारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमतरी, उपायुक्त नगर निगम धमतरी, सहायक जिला खेल अधिकारी सहित विभिन्न खेलों के व्यायाम शिक्षक एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# ई-केवाईसी सत्यापन में धमतरी प्रदेश में नंबर वन

- अब तक 94 .44 प्रतिशत राशन कार्डों की ई-केवाईसी कम्पलीट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राशन कार्डों के ई-केवाईसी सत्यापन के मामले में धमतरी जिले ने प्रदेशभर में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराते हुए पहला स्थान हासिल किया है। जिले में अब तक 94.44 प्रतिशत राशन कार्डों की ई-केवाईसी कार्य पूर्ण हो चुकी है, जो छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक है। प्रशासनिक सक्रियता और नागरिकों की सहभागिता से धमतरी ने यह उपलब्धि हासिल की है।

जिले में कुल 2 लाख 60 हजार 612 राशन कार्ड प्रचलन में हैं, जिनमें 8 लाख 59 हजार 354 सदस्य दर्ज हैं। इनमें से 7 लाख 69 हजार 872 सदस्यों की ई-केवाईसी सफलतापूर्वक की जा चुकी है। वहीं 1 हजार 389 प्रकरण स्वीकृति की प्रक्रिया में हैं, जबकि 88 हजार 93 सदस्यों की ई-केवाईसी अभी शेष है।

जानकारी के अनुसार एपीएल श्रेणी के 11 हजार 415 राशन कार्डों की ई-केवाईसी लंबित हैं। इसके




अलावा पांच वर्ष से कम आयु के 44 हजार 135 बच्चों की ई-केवाईसी भी अब तक नहीं हो सकी है। ई-केवाईसी लंबित रहने के कारण 45 हजार 347 हितग्राहियों के नाम फिलहाल राशन वितरण सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं।

प्रदेश स्तर पर तुलना करें तो धमतरी 94.44 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है। सक्ती जिला 93.54 प्रतिशत के साथ दूसरे और बालोद जिला 93.35 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं सुकमा जिला सबसे नीचे है, जहां 58.74 प्रतिशत ई-केवाईसी हो पाई है।

प्रशासन ने शेष हितग्राहियों से अपील की है कि वे समय रहते अपने राशन कार्डों की ई-केवाईसी करवा लें, ताकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मिलने वाले राशन का लाभ निर्बाध रूप से मिलता रहे।

## मां अंगारमोती मंदिर की महिमा, विज्ञान संग्रहालय में ज्ञान-विज्ञान से हुए परिचित



- कृष्णा किड्स वर्ल्ड स्कूल पाटन एवं कृष्णा पब्लिक स्कूल धमतरी के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कृष्णा किड्स वर्ल्ड स्कूल पाटन एवं कृष्णा पब्लिक स्कूल धमतरी के विद्यार्थियों ने संयुक्त वार्षिक पिकनिक एवं शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यालय की डायरेक्टर श्रीमती अनुपमा उपाध्याय एवं विनोद उपाध्याय, प्राचार्य मयंक कटकवार, उपप्राचार्या श्रीमती यामिनी साहू तथा धमतरी विद्यालय की प्राचार्या पूजा सिंह के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। यात्रा के दौरान बच्चों में उत्साह एवं उमंग देखते ही बन रही थी।

मां अंगारमोती मंदिर प्रांगण पहुंचे। पाटन एवं धमतरी विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने आपसी परिचय एवं मेल-मिलाप के बाद माताजी के दर्शन किए। मंदिर के पुजारी ने बच्चों को मंदिर की महिमा एवं धार्मिक महत्व की जानकारी दी। विद्यार्थियों को विज्ञान संग्रहालय ले जाया गया, जहां उन्हें ज्ञान-विज्ञान से परिचित कराया गया। उसके बाद सभी विद्यार्थी मनोरंजन क्षेत्र पहुंचे। बच्चों ने उत्साह के साथ खेलों में भाग लिया। रुद्रेश्वर महादेव के दर्शन किए। सामूहिक फोटो सेशन भी हुआ।

# पेंशनर्स स्थापना दिवस समारोह में 18 वरिष्ठ पेंशनरों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पेंशनर्स स्थापना दिवस समारोह हरदिहा साहू समाज भवन धमतरी में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार नाग ने की। कार्यक्रम को राधेलाल चन्द्राकर, अर्जुनपुरी गोस्वामी, श्रीमती बीना साहू प्रांतीय उपाध्यक्ष, गंगाप्रदास साहू प्रांतीय संरक्षक, भैय्याराम चन्द्राकर प्रांतीय महामंत्री, श्रीमती विद्या साहू रायपुर, आरडी साहू महासमुंद सहित विभिन्न जिलों एवं तहसीलों से आए पदाधिकारियों ने संबोधित किया।

इस अवसर पर धमतरी तहसील के पांच नए सदस्यों तथा 80 एवं 90 वर्ष से अधिक आयु के 18 वरिष्ठ पेंशनरों का शाल एवं श्रीफल देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मनहरण लाल बैंस, सियाराम साहू संरक्षक, बीएस कश्यप कार्यकारी



अध्यक्ष, नकुलसिंह नेताम कोषाध्यक्ष, लखन लाल साहू, एनओ जार्ज उपाध्यक्ष, राधेलाल चन्द्राकर अध्यक्ष कुरुद तहसील, रामअवतार शर्मा अध्यक्ष धमतरी तहसील, एनआर साहू अध्यक्ष मगरलोड तहसील, बीआर शाडिल्य अध्यक्ष भखारा तहसील, केके डडसेना, डीआर साहू, वीपी तिवारी, घनाराम साहू, आरआर रायपुरे, होमनलाल साहू, रामचंद देवांगन, जीआर ध्रुव, डॉ. एआर ठाकुर, नंदुलाल सिन्हा, केपी साहू, प्रेमलाल सिन्हा, मोहनदास मानिकपुरी, पोषणदास वैष्णव, भूषणलाल साहू, राजेन्द्र मीनपाल, बिसौहाराम जगबेड़हा सहित महासमुंद, बलौदाबाजार, कसडोल, भाटापारा, रायपुर, भखारा, मगरलोड, कुरुद एवं धमतरी से आए पेंशनर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन योगेश कुमार साहू एवं आभार प्रदर्शन मोतीलाल हिरवानी सचिव ने किया।

# भोथली स्कूल के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**धमतरी।** जिला स्तरीय राष्ट्रीय गणित दिवस डॉ .शोभाराम देवांगन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में मनाया गया। इसमें अनेक विद्यालय के 400 विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। शाउमा भोथली के प्राचार्य एलके उपाध्याय व गणित के व्याख्याता डॉ. मंजूषा साहू के मार्गदर्शन में पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम भाग्यश्री कक्षा दसवीं, रंगोली प्रतियोगिता में स्थान गुलशन कुमार कक्षा नवमी, भाषण प्रतियोगिता में प्रथम एकता मानिकपुरी कक्षा दसवी, थिमेटिक एक्टिविटी अंतर्गत गणित पर आधारित डांस में प्रथम डिंपल एवं ग्रुप तेजस्वी, टामिन, जिज्ञासा, द्रौपदी, क्षमता, तृप्ति , भीमा वीणा, थनेन्द्र, प्रदर्शनी प्रतियोगिता में तेजस्वी एवं डिंपल साहू द्वितीय रहे।



विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से गणित के प्रति विद्यार्थियों में रुचि जगाना एवं एवं उनकी प्रतिभाओं को निखारना एवं महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जीवन एवं गणित के क्षेत्र में उनके दिए गए योगदान के बारे में बताया गया। भोथली विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। उनकी इस सफलता पर रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गणेश प्रसाद साहू, एलएन साहू, राकेश कुमार साहू, धनंजय सोनकर, स्वाति सोरी, रेणुका ध्रुव, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन सन्हरा, जनपद सदस्य दिलीप सेन, अशोक सिन्हा, बलीराम साहू ने हर्ष जताया है।

# कलयुग में कथा आयोजन का विशेष महत्व : अतुल कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



- गौशाला मैदान में शुरू हुई भव्य राम कथा

कलयुग में कथा आयोजन का विशेष महत्व है। इसी कार्य से संस्कार बचा हुआ है। संस्कार किसी स्कूल, कॉलेज के कोर्स में नहीं पढ़ाया जाता है। यह हमारे सनातम धर्म की आत्मा है। कथा आयोजन का अवसर उसे ही मिलता है, जिस पर महादेव की कृपा होती है। यह बातें कथावाचक अतुल कृष्ण महाराज ने कही।

गौशाला मैदान में गुरुवार से नौ दिवसीय रामकथा का शुभारंभ हुआ। पहले दिन कथावाचक अतुल कृष्ण





महाराज धमतरी पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। कथावाचक अतुल कृष्ण महाराज ने कहा कि कलयुग में कथा आयोजन का विशेष महत्व है। यह भगवान के प्रति समर्पण का एक माध्यम है। भक्ति को परिभाषित करते हुए कहा कि भक्ति की शुरूआत भरोसे से होती है। व्यक्ति अपने मानव जीवन को सार्थक करने के लिए भगवान के चरण में अपने आपको पूरे समर्पित भाव लगा दे तो उसे ईश्वर की प्राप्ति हो जाती है। उन्होंने महानदी को महादेव का स्वरूप बताते हुए कहा कि जीवनदायिनी यह नदी अंचलवासियों के लिए वरदान है। कथा आयोजक पंडित राजेश शर्मा ने कहा कि धर्म की इस धरती को वे अपना आध्यात्मिक सेवा हमेशा प्रदान करते रहेंगे। कथा के प्रथम दिवस पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर, महापौर रामू रोहरा ने भी कथा श्रवण कर श्रद्धालुओं को सबोधित किया। इस दौरान गोपाल शर्मा, जितेंद्र शर्मा, श्याम अग्रवाल, जानकी वल्लभ तीर्थ, दीपक लखोटिया, अर्जुनपुरी गोस्वामी, मदन खंडेलवाल, राधेश्याम अग्रवाल, सुशील शर्मा, राजेंद्र शर्मा, प्रकाश शर्मा, दिलीपराज सोनी, योगेश गांधी, देवेंद्र मिश्रा, धनीराम सोनकर, हेमलता शर्मा, बीथिका विश्वास, सरला जैन, चंद्रकला पटेल, सरिता दोशी, सरिता यादव, दीप शर्मा, नारायण दुबे, योगेश रायचुरा आदि उपस्थित थे।

### पंथी नृत्य से दिया सामाजिक समरसता का संदेश

**धमतरी।** गुरु घासीदास जयंती पर हटकेशर वार्ड में पंथी नृत्य हुआ। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता हिन्दू जागरण मंच के प्रांत युवा प्रमुख दीपक सिंह ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि हेमराज सोनी गौ सेवा जिला अध्यक्ष, लक्ष्मण पहलवान, भरत देवांगन पार्षद, संतोष, लालबगीचा की वार्ड पार्षद श्रीमती साहू, शुभम केशवानी, जतिन देवांगन, अविनाश, कोमल संभाकर, आयुष दीवान थे। इस दौरान वार्डवासियों ने महापौर से विभिन्न निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रुपए की मांग की जिस पर महापौर ने आश्वासन दिया।

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, श्वास रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रूकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी इलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

# राजस्व मंत्री के आश्वासन के बाद अधिवक्ता संघ का अनिश्चितकालीन बहिष्कार समाप्त

- 43 दिनों से अनुविभाग न्यायालय में व्यवस्था दुरूस्त करने प्रदर्शनरत थे

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

जिले के प्रभारी एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा द्वारा दिये गये आश्वासन के बाद 43 दिन से कुरुद अनुभाग की तहसीलों में अनियमितता पूर्वक किए जा रहे भ्रष्टाचार को लेकर कुरुद, भखारा, मगरलोड के राजस्व न्यायालय की कार्रवाई के अनिश्चितकालीन बहिष्कार में रहे अधिवक्ता संघ कुरुद ने बहिष्कार समाप्त कर लिया गया है। आज से वे अपने पक्षकारों के राजस्व संबंधी मामलों का निपटारा करने में सहयोग करेंगे।

ज्ञात हो कि 11 नवंबर से कुरुद के अधिवक्ता राजस्व न्यायालय की कार्रवाई में भाग नहीं ले रहे थे। कुरुद अनुविभागीय अधिकारी व तीनों तहसील के तहसीलदारों के कार्यालय के विरुद्ध व्यवस्था दुरुस्त करने संघ ने



प्रदर्शन कर नारेबाजी की। एसडीएम कुरुद व कुरुद अनुभाग के तहसीलदारों ने संघ से बहिष्कार समाप्त करने के लिए चर्चा की पर यह चर्चा असफल रही। कलेक्टर से भी चर्चा करने पर अधिवक्ता संघ कुरुद संतुष्ट नहीं हुआ। तब संघ ने राजस्व मंत्री व राजस्व सचिव से मुलाक़ात की। उन्होंने अधिवक्ता संघ की मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया और कुछ मांगों को तत्काल पूरा किया।

राजस्व सचिव छत्तीसगढ़ रीना बाबा साहेब व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने संघ की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया जिसके पश्चात अधिवक्ता संघ ने बैठक रख 43 दिनों से किये जा रहे अनिश्चित कालीन बहिष्कार को सर्वसम्मति से समाप्त किया। संघ के अध्यक्ष रमेश पाण्डेय ने बताया कि हमारी मांगें जनता किसान के हित के लिए थीं। राजस्व न्यायालय का कार्य निष्पक्ष न होकर प्रभाव वाले लोगों की नियंत्रण में आ गया था। अधिकारी मनमानी पर उतर आये थे जिसका अधिवक्ता संघ ने खुलकर विरोध किया और अपनी मांगों को शासन प्रशासन तक रखा। अधिवक्ता साथियों की सामूहिक एकता और निडरता, संघर्ष के परिणाम स्वरुप हमें सफलता प्राप्त हुई।

# सरपंच-उपसरपंच ने आवेदन को फर्जी और साजिश बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत बंजारी के सरपंच और उपसरपंच के बारे में इन दिनों सोशल मीडिया में एक आवेदन वायरल हो रहा है जिसमें सरपंच व्दारा पुलिस अधीक्षक के नाम से एक फर्जी आवेदन बनाया गया है। इसे कुछ लोगों व्दारा सरपंचों, जनपद पंचायत व अन्य ग्रुप में वायरल किया जा रहा है। इस संबंध में सरपंच और उपसरपंच ने आवेदन को पूरी तरह फर्जी और साजिश बताया।

सरपंच टिकेश्वरी ध्रुव ने स्पष्ट कहा कि उनके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई आवेदन न तो पुलिस अधीक्षक को दिया गया है और न ही किसी अन्य व्यक्ति को। यह विपक्षियों द्वारा रची गई साजिश है जिसका उद्देश्य सरपंच व उपसरपंच को और ग्राम पंचायत को बदनाम करना है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि फर्जी आवेदन बनाकर सोशल मीडिया व व्हाट्सएप ग्रुप में वायरल करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। उपसरपंच चन्द्रप्रकाश सिन्हा ने बताया कि सरपंच द्वारा एसपी या किसी अन्य अधिकारी




के नाम से कोई भी आवेदन जारी नहीं किया गया है। यह फर्जी आवेदन कुछ विपक्षी तत्वों के द्वारा सरपंच और उपसरपंच को बदनाम करने की नीयत से बनाया गया है। आवेदन को कंप्यूटर से टाइप किया गया है ताकि हस्तलेखन की पहचान न हो सके और फर्जी हस्ताक्षर किए जा सके। सरपंच के हस्ताक्षर व सील कई शासकीय दस्तावेजों में होते हैं, जिनकी नकल कर इस तरह की साजिश रची जा सकती है। पंचायत प्रतिनिधियों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें इस तरह के किसी आवेदन की कोई जानकारी नहीं है।